उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14, अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

सं0: 781 –अधि0प्रब0–03/पाकालि/17 दिनांकः 02 मई, 2017

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वान्चल/ पश्चिमांचल/ दक्षिणांचल/ मध्यांचल/ केस्को,
विद्युत वितरण निगम लि0,
वाराणसी/ मेरठ/ आगरा/ लखनऊ/ कानपुर।
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा), उ0प्र0 पावर ट्रांशमिशन कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

विषयः अधिकारियों के अधिष्ठान सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण हेतु आवेदन/ प्रत्यावेदन में सम्बन्धित कार्मिकों का पूरा नाम, अभिज्ञान संख्या, तैनाती स्थल/ पत्राचार का पता व मोबाइल संख्या आवश्यक रूप से अंकित कराने/ करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि विगत दिनों से लगभग यह परम्परा सी चल पड़ी है कि अधिष्ठान संबंधी कार्यों के निष्पादन हेतु किये जाने वाले पत्राचार में अधिकतर अभियन्ता अधिकारी व उनके नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा भी सम्बन्धित की अभिज्ञान संख्या कार्मिकों का पूरा नाम, तैनाती स्थल/ पत्राचार का पता व मोबाइल संख्या अंकित नहीं की/ कराई जाती हैं। विशेषरूप से समयबद्ध वेतनमान/ अवैध अध्यासन पर दाण्डिक किराया/ वैयक्तिक वेतन भत्ता/ परास्नातक वेतन भत्ता/ चिकित्सा प्रतिपूर्ति/ सम्पत्ति विवरण/जन सूचना सम्बन्धी एवं अन्य प्रकरणों में एक ही नाम के अनेकों अभियन्ता होने के कारण तथा मोबाइल संख्या सहित तैनाती स्थल का पता, सेवानिवृत्ति पर मोबाइल संख्या सहित पत्राचार का पता, पिन कोड आदि अंकित न होने पर आवेदन/प्रत्यावेदन आदि में कोई कमी अथवा संलग्नक आदि न लगा होने की सूचना प्राप्त करने हेतु कारपोरेशन स्तर से पत्राचार करने पर अनावश्यक डाक व्यय व अनावश्यक समय भी लगता है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि अपने अधीन समस्त अपर सचिव/मुख्य अभियन्ताओं/अधीक्षण अभियन्ताओं/अधिशासी अभियन्ताओं एवं अन्य को यह निदेशित करने का कष्ट करें कि किसी भी कार्मिक का आवेदन/प्रत्यावेदन सम्पत्ति विवरण आदि प्रकरणों में सेवारत/ सेवानिवृत्त कार्मिकों के प्रकरण कारपोरेशन मुख्यालय को अग्रसारित करते समय उनका पूरा नाम, अभिज्ञान संख्या, मोबाइल सख्या सहित तैनाती स्थल का पता तथा सेवानिवृत्त कार्मिकों का मोबाइल सख्या सहित पत्राचार का पता आदि अवश्य अंकित कराया/ किया करें।

भवदीय,

(अमरेन्द्र)
संयुक्त सचिव

सं0– 781 –(1)अधि0प्रब0–03/पाकालि/2017–तद्दिनांक : 02/05/17

अधिशासी अभियन्ता, वेब, उप्रपाकालि0 शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि इसे कारपोरेशन की वेबसाइड पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(अमरेन्द्र)
संयुक्त सचिव